# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कारपोरेट केन्द्र, मुंबई

# भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारियों की भर्ती

## विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/पीओ/2016-17/02

## ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण और शुल्क (फीस) जमा करने की तिथि : 04.05.2016 से 24.05.2016

भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारियों (पीओ) के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं पर भी पदस्थ किया जा सकता है.

भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करने की इच्छा रखने वाले पात्र उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के लिए अपना ऑन-लाइन पंजीकरण करना होगा. परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी, प्रारंभिक और मुख्य. प्रारंभिक परीक्षा में पास हुए और सूची में शामिल उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा देनी होगी और मुख्य परीक्षा में चुने गए उम्मीदवारों को बाद में समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

भावी उम्मीदवारों को परीक्षा और साक्षात्कार की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, निर्धारित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान, परीक्षा का पैटर्न, कॉल लेटर का जारी किया जाना, आदि से संबंधित विज्ञापन में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ने के बाद आवेदन करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं और निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं.

**भर्ती प्रक्रिया का प्रस्तावित कार्यक्रम इस प्रकार है:.**

| गतिविधि | दिनांक |
|---|---|
| उम्मीदवार द्वारा सम्पादन एवं संशोधन सहित आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण | 04-05-2016 से 24-05-2016 |
| आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान | 04-05-2016 से 24-05-2016 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा के लिए कॉल लेटर को डाउनलोड करना | 14-06-2016 से |
| ऑनलाइन परीक्षा - प्रारंभिक | 2, 3, 9 और 10 जुलाई 2016 |
| ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम - प्रारंभिक | 18-07-2016 |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए कॉल लेटर को डाउनलोड करना | 21-07-2016 से |
| ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन - मुख्य | 31 जुलाई 2016 |
| परिणाम की घोषणा - मुख्य | 16 अगस्त 2016 |
| साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर को डाउनलोड करना | 22 अगस्त 2016 |
| समूह चर्चा और साक्षात्कार का आयोजन | 1 सितंबर 2016 |
| अंतिम परिणाम की घोषणा | 30 सितंबर 2016 |
| **एससी/एसटी/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण** | |
| परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर को डाउनलोड करना | 13-06-2016 से |
| परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन | 20-06-2016 से 25-06-2016 |

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए एसबीआई की अधिकृत वेबसाइट www.sbi.co.in देखते रहें।**

**रिक्त-पद:**

| रिक्त-पद | | | | | रिक्त-पद (पीडब्ल्यूडी) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अजा | अजजा | अपिव* | सामान्य | कुल | अस्थि विकलांग | दृष्टि बाधित | श्रवण बाधित | कुल |
| 351 | 231 | 590 | 1028 | 2200 | 20 | 20 | 20 | 60 |

उपर्युक्त उल्लिखित कुल रिक्त-पदों में नीचे दिये गए पिछले बकाया रिक्त-पद शामिल हैं

| अजा | अजजा | अपिव* | कुल |
|---|---|---|---|
| 47 | 79 | 42 | 168 |

*अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षित रिक्त-पद 'नॉन क्रीमी लेयर' से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. 'क्रीमी लेयर' वाले ओबीसी उम्मीदवार अपनी श्रेणी को 'सामान्य' श्रेणी के रूप में दर्शाएं. (अस्थि विकलांग, दृष्टि बाधित और श्रवणबाधित श्रेणी के उम्मीदवारों से संबंधित रिक्त-पदों को समस्तर पर आरक्षित किया गया है.)

आरक्षण सहित सभी रिक्त-पद अनंतिम हैं तथा इनमें बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है.

**1. पात्रता मानदण्ड :**

क) अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता : (31.08.2016 को)

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी वर्ग में स्नातक या केन्द्र सरकार से मान्यताप्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता. जो उम्मीदवार अपनी स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष/सिमेस्टर में है, वे भी अनंतिम रूप से इस शर्त के अध्यधीन आवेदन कर सकते हैं कि यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दिनांक 31.08.2016 को या उससे पूर्व स्नातक परीक्षा पास करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा. समन्वित दोहरी डिग्री (आईडीडी) प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि आईडीडी की पासिंग (उत्तीर्ण) तिथि 31.08.2016 को या उससे पूर्व की तिथि है. चार्टर्ड अकाउंटेंट की योग्यता प्राप्त उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं.

टिप्पणी :

(1) पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र या अंक-तालिका पर दी हुई तिथि होगी. यदि किसी परीक्षा विशेष के परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो जिस तिथि को परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, वही तिथि उत्तीर्ण तिथि के रूप में स्वीकार की जाएगी.

(2) ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवारों को स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत निकटतम दो दशमलव तक दर्शाने होंगे. यदि सीजीपीए/ओजीपीए दिए गए हों, तो उन्हें प्रतिशत में रूपांतरित करके ऑनलाइन आवेदन में दर्शाना होगा. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर उम्मीदवार को उचित प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अन्य बातों के साथ साथ श्रेणी को प्रतिशत में रूपांतरित करने संबंधी विश्वविद्यालय के नियम और उन नियमों के अनुसार उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए अंकों के प्रतिशत लिखे होने चाहिए.

(3) प्रतिशत की गणना: सभी सेमेस्टर / वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त किए हुए अंकों को (यदि ऑनर्स / वैकल्पिक / अतिरिक्त वैकल्पिक विषय हो तो उसके निरपेक्ष) कुल अधिकतम अंकों से विभाजित करके प्रतिशत अंक प्राप्त होंगे. यह उन विश्वविद्यालयों के लिए भी लागू होगा, जहाँ वर्ग / श्रेणी केवल ऑनर्स के अंकों पर आधारित हो. इस तरह निकाले गए प्रतिशत में अपूर्णांक को नज़रअंदाज़ किया जाएगा, जैसे 59.99% को 60% से कम समझा जाएगा और 54.99% को 55% से कम समझा जाएगा.

(ख) आयु सीमा : (01.04.2016 को)

दिनांक 01.04.2016 को उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. अर्थात उम्मीदवार का जन्म दिनांक 02.04.1986 से पहले और 01.04.1995 के पश्चात नहीं होना चाहिए (दोनों दिन समाविष्ट).

ऊपरी आयु सीमा में छूट :

| अ.क्र. | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3. | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (अपिव) 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य) 10 वर्ष |
| 4. | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/ अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला हैं) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | 5 वर्ष |
| 5. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर राज्य के निवासी रहे थे. | 5 वर्ष |

**टिप्पणी: आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.**

(क) अन्य

(i) ऋण/क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि के भुगतान में चूक का अभिलेख रखनेवाले उम्मीदवार तथा/अथवा जिनके नाम सिबिल या अन्य बाह्य एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट में उपलब्ध हैं, वे इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है.

(ii) जिन उम्मीदवारों के विरुद्ध चरित्र एवं पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडेंट्स), नैतिक भ्रष्टता के विपरीत विवरण हैं, वे इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

**2. शारीरिक रूप से अशक्त (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षण :**

अशक्त (शारीरिक रूप से अशक्त) व्यक्तियों के लिए अशक्त व्यक्तियों (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा एवं पूर्ण सहभागिता) अधिनियम 1995 (1996 का1) की धारा 33 के अंतर्गत रिक्त-पद शासकीय नियमानुसार आरक्षित हैं. उपर्युक्त अधिनियम में दी गई परिभाषा के अनुसार निम्न अशक्तता वाले उम्मीदवार सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं : अ) अस्थि विकलांग ब) दृष्टि बाधित स) श्रवणबाधित.

केवल वे उम्मीदवार (ओएच/वीआई/एचआई) आरक्षण/सेवा के पात्र होंगे, जिनमें संबंधित अशक्तता 40% से कम न हो. जिस व्यक्ति को आरक्षण का लाभ पाना है, उसे केंद्र या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड से अशक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. यह प्रमाणपत्र पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पूर्व का होना चाहिए.

**अ) अस्थि विकलांग (ओएच):**

केवल ओएच उम्मीदवार जिन्हें चलने में कठिनाई की (लोकोमोटर) विकलांगता अथवा न्यूनतम 40% चलने में कठिनाई की विकलांगता के साथ प्रमस्तिष्क पक्षाघात हों और केवल वहीं जो निम्नलिखित विकलांग वर्गीकरण में आते हैं, इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं.

ओए - एक हाथ प्रभावित (बायां या दाहिना)

ओएल - एक पैर प्रभावित (बायां या दाहिना)

ओएएल - एक हाथ और एक पैर प्रभावित

बीएल - दोनों पैर प्रभावित किंतु हाथ प्रभावित नहीं

**ब) दृष्टि बाधित (वीआई):**

**दृष्टिहीनता:** केवल वे ही दृष्टिहीन विकलांग (वीएच) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र है, जो निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त हैं :

- संपूर्ण दृष्टि का अभाव.
- वास्तव में दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आंखों में 6/60 अथवा 20/200 (स्नेलेन) से अधिक नहीं होनी चाहिए.
- दृष्टि क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 20 डिग्री का कोण बनाती हो या उससे भी कम.

**मंद दृष्टि:** विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 के अध्याय-1, पैरा 2(यू) में यथा परिभाषित उम्मीदवार, जिनके पास कम दृष्टि है.

**स) श्रवणबाधित/ बहरा:**

बहरे व्यक्ति वे होते हैं, जिनमें जीवन के आम उद्देश्य के लिए सुनने की शक्ति काम नहीं कर रही हो, अर्थात दोनों कानों में श्रवण

(अगले पृष्ठ पर जारी)

Size: 25x38cm

(पिछले पृष्ठ से आगे लाया गया)

शक्ति की हानि. वे सुन नहीं पाते, परिवर्धित वाणी की ध्वनि को भी समझ नहीं पाते. बहरापन यानि बेहतर कान में भी फ्रिक्वेंसी की संवाद सीमा में साठ या उससे अधिक डेसिबल की हानि.

**लेखक का उपयोग और प्रतिपूरक समय :**

यदि उम्मीदवार चाहते हैं, तो लेखक (Scribe) की सुविधा ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए अनुमत की जाएगी जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्त है. निःशक्तता वाले केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जिनकी लिखने में कमजोर होने के साथ–साथ लिखने की गति भी प्रभावित है. लेखक का उपयोग करने के सभी मामलों में निम्नलिखित नियम लागू होंगे :

- जो उम्मीदवार पात्र हैं और परीक्षा में लेखक की सेवा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फार्म में इस बात का सावधानीपूर्वक उल्लेख करना होगा.
- उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उचित वचनपत्र देना होगा.
- ऐसे उम्मीदवार जो एक लेखक के उपयोग के लिए पात्र हैं, परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे, चाहे वे लेखक की सुविधा का लाभ उठा रहे हों, या नहीं
- उम्मीदवार को अपने निजी खर्चेपर अपने निजी लेखक का प्रबंध करना होगा.
- लेखक (scribe) का उपयोग करने की अनुमति भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय, निःशक्तता कार्य विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन एफ नं.16–110 /2003"डीडी III दिनांक 26 फरवरी, 2013 के अनुसार जारी दिशा–निर्देशों और भारत सरकार, वित्तीय सेवाएं विभाग, के पत्र क्र. एफ नं. 3/2/2013–वेल्फेयर दिनांक 26.04.2013 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार दी जाएगी.

**3. श्रेणी :**

**ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी का नाम एवं श्रेणी कोड लिखने संबंधी निर्देश :**

उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग के हों लेकिन 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हों उन्हें आरक्षण तथा आयु–सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा. ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' अथवा 'सामान्य अस्थि विकलांग' अथवा 'सामान्य दृष्टि बाधित' अथवा 'सामान्य श्रवणबाधित (जो भी लागू हो) के रूप में दर्शाएं.

विविध श्रेणी के नाम एवं उनके कोड नम्बर नीचे दिए गए हैं.

कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण करने के बाद श्रेणी में बदलाव नहीं किया जायेगा.

| श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | 01 | अ.ज.जा. | 05 | अ.पि.व. | 09 | सामान्य | 13 |
| अ.जा. (अस्थि विकलांग) | 02 | अ.ज.जा. (अस्थि विकलांग) | 06 | अ.पि.व. (अस्थि विकलांग) | 10 | सामान्य (अस्थि विकलांग) | 14 |
| अ.जा. (दृष्टि बाधित) | 03 | अ.ज.जा. (दृष्टि बाधित) | 07 | अ.पि.व. (दृष्टि बाधित) | 11 | सामान्य (दृष्टि बाधित) | 15 |
| अ.जा. (श्रवणबाधित) | 04 | अ.ज.जा. (श्रवणबाधित) | 08 | अ.पि.व. (श्रवणबाधित) | 12 | सामान्य (श्रवणबाधित) | 16 |

**4. चयन प्रक्रिया:**

**चरण–I: प्रारंभिक परीक्षा:**

प्रारंभिक परीक्षा जिसमें ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा 100 अंक की होगी. यह परीक्षा 1 घंटे की होगी और निम्नानुसार तीन खंडों में होगी:

| अनु. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | कुल समय 1 घंटा |
| 2. | मात्रात्मक योग्यता | 35 | 35 | |
| 3. | तर्कज्ञान क्षमता | 35 | 35 | |
| | कुल | 100 | 100 | |

बैंक द्वारा निर्धारित किए गए अंक प्राप्त करके उम्मीदवारों को तीनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना आवश्यक है. प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त संख्या में और यह संख्या बैंक द्वारा निर्धारित की जाएगी. (उपलब्ध रिक्त–पदों की संख्या के औसत 20 गुणा उम्मीदवार) मुख्य परीक्षा के लिए लघुसूची में शामिल किया जाएगा.

**चरण – II: मुख्य परीक्षा:**

मुख्य परीक्षा में वस्तुनिष्ठ परीक्षा 200 अंकों की और वर्णनात्मतक परीक्षा 50 अंकों की होगी. वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक ये दोनों परीक्षा ऑनलाइन होगी. उम्मीदवारों का वस्तुनिष्ठ परीक्षा चरण के बाद तुरंत वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कंम्प्यूटर पर टाइप करने होंगे. कारण कि वर्णनात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा के बाद तुरंत शुरू होगी.

**(i) वस्तुनिष्ठ परीक्षा:** 3 घंटे की वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल 200 अंकों के 4 खंड होंगे. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक खंड के लिए अलग समय होगा. उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके वर्णनात्मक परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

| परीक्षा | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| I | तर्क और कंप्यूटर अभिवृत्ति | 45 | 60 | 60 मिनट |
| II | डाटा विश्लेषण और विवेचन | 35 | 60 | 45 मिनट |
| III | सामान्य /अर्थव्यवस्था/बैंकिंग के बारे में जानकारी | 40 | 40 | 35 मिनट |
| IV | अंग्रेजी भाषा | 35 | 40 | 40 मिनट |
| | कुल: | 155 | 200 | 3 घंटे |

**(ii) वर्णनात्मक परीक्षा:** वर्णनात्मक परीक्षा की अवधि 30 मिनट की होगी (50 अंक) और उसमें अंग्रेजी भाषा (पत्राचार और निबंध) की परीक्षा होगी. उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके वर्णनात्मक परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक प्रश्नपत्र में पात्रता अंकप्राप्त किए होंगे और वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों का स्तर पर्याप्त होगा.

**गलत उत्तरों के लिए दंड (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा, दोनों के लिए लागू)**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा. सही स्कोर को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्दिष्ट अंकों से एक चौथाई अंक दंड के तौर पर काटे जाएंगे. यदि प्रश्न को छोड़ दिया हो अर्थात उम्मीदवार द्वारा किसी भी उत्तर को अंकित न किया गया हो, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा.

**चरण – III: समूह चर्चा (20 अंक) एवं साक्षात्कार (30 अंक)**

समूह चर्चा (20 अंक) और साक्षात्कार (30 अंक) लिखित एवं वर्णनात्मक परीक्षा की प्रत्येक श्रेणी के कुल अंकों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा. बैंक के निर्णय अनुसार प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. समूह चर्चा और साक्षात्कार में पात्रता अंकों का निर्धारण बैंक द्वारा किया जाएगा.

अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी में जिन उम्मीदवारों ने समूह चर्चा और साक्षात्कार में पात्रता अंक प्राप्त किए हैं उन्हें 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्यांश वाला अपिव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्यांश वाला अपिव का प्रमाणपत्र नहीं प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों द्वारा सामान्य श्रेणी के अंतर्गत साक्षात्कार लेने संबंधी अनुरोध करने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.

**अंतिम चयन**

अंतिम योग्यता सूची बनाने के लिए प्रारंभिक परीक्षा (चरण–I) में प्राप्त अंक समूह चर्चा एवं साक्षात्कार (चरण–III) में प्राप्त अंकों में जोड़े नहीं जाएंगे, केवल मुख्य परीक्षा (चरण–II) के वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक परीक्षा के अंक ही जोड़े जाएंगे.

उम्मीदवारों को चरण II और चरण III दोनों में अलग–अलग योग्यता प्राप्त करनी होगी. उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को (250 अंकों में से) 75 अंकों के अनुसार और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों को (50 अंकों में से) 25 अंकों के अनुसार रूपांतरित किया जाएगा. प्रत्येक श्रेणी के लिए 100 में से लिखित परीक्षा और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के रूपांतरित किए गए अंकों को मिलाने के बाद योग्यता सूची तैयार की जाएगी. प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा.

समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गए उम्मीदवारों के परिणाम और अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाएगी. अंतिम चयन सूची को एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार और बैंक की वेबसाईट पर भी प्रकाशित किया जाएगा.

**5. परीक्षा केंद्र (अनंतिम सूची)**

i). भारत में कई केन्द्रों में परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों की संभावित सूची अनुबंध 1 में उपलब्ध है.

ii). परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के आवेदन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

iii). हालांकि, प्रतिसाद और प्रशासनिक व्यवहार्यता, आदि के आधार पर, स्वयं फैसला करके, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और / या कुछ और केंद्र शामिल करने के अधिकार को एसबीआई अपने पास सुरक्षित रखता है.

iv). किसी उम्मीदवार के लिए उसके द्वारा चुने गए केंद्र के बदले किसी अन्य केंद्र को निर्धारित करने का अधिकार भी एसबीआई के पास सुरक्षित है.

v). परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर स्वयं की जोखिम और खर्च से आएँगे और उस दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान या चोट आदि के लिए एसबीआई जिम्मेदार नहीं होगा.

vi). परीक्षा कक्ष में उम्मीदवार द्वारा किए गए बुरे व्यवहार/दुर्व्यवहार के कारण उसकी उम्मीदवारिता रद्द हो सकती है या एसबीआई द्वारा आयोजित भावी परीक्षाओं के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है.

vii). मुख्य परीक्षा के लिए केंद्र सीमित होंगे.

**6. परिलब्धियाँ :**

वर्तमान में कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल–I के लिए लागू प्रारंभिक मूल वेतन ₹23,700–980/7–30560–1145/2–32850–1310/7–42020 के पैमाने में ₹27,620/– (4 अग्रिम वेतनवृद्धि के साथ) है. अधिकारी समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार डी.ए., एच.आर.ए./लीज़ रेंटल और सी.सी.ए., मेडिकल और अन्य भत्ते और अनुलाभ के लिए भी पात्र होंगे. प्रति वर्ष कुल प्रतिपूर्ति राशि न्यूनतम ₹7.55 लाख और अधिकतम ₹12.93 लाख है, जो नियुक्ति के स्थान और अन्य घटकों पर निर्भर है.

एसबीआई की ओर से एक स्मार्ट प्रतिपूर्ति पैकेज प्रस्तावित करने की योजना है, जो आवश्यक अनुमोदनों के अधीन है, जिससे प्रत्याशी वेतन पैकेज के विशिष्ट तत्वों का मुद्राकरण करने का विकल्प चुन सकेंगे.

**7. कॅरिअर में वृद्धि:**

प्रोबेशनरी अधिकारी दो वर्ष तक प्रोबेशन पर होंगे जिस समय उन्हें गहन प्रशिक्षण दिया जायगा. प्रोबेशन/प्रशिक्षण कार्यकाल के बाद बैंक द्वारा निश्चित पूर्व निर्धारित मानकों को प्राप्त करने वाले अधिकारियों का स्थायीकरण किया जायेगा और उन्हें प्रोबेशन उच्च श्रेणी में, अर्थात मध्य क्रम प्रबंधन श्रेणी स्केल–II में रखा जायेगा. अन्य अधिकारी जिन्होंने जांच परीक्षा उत्तीर्ण की है परंतु मध्य क्रम प्रबंधन स्केल–II के पूर्व निर्धारित मानकों को प्राप्त करने में असफल रहे हैं, उन्हें कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल–I के अधिकारी के रूप में स्थायी किया जायेगा. इस प्रक्रिया में असफल उम्मीदवारों को सेवा से निकाल दिया जाएगा. बैंक विदेश में पद–स्थापना (पोस्टिंग) करने सहित विकास के अनेक अवसर उपलब्ध कराता है. बैंक की आकर्षक पदोन्नति नीति प्रतिभावान और विशेष रूप से ब्रिलियंट अधिकारियों को बहुत कम समय में शीर्ष प्रबंधन श्रेणी तक पहुँचने का अवसर प्रदान करती है.

**8. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस न करने योग्य)**

| अनु. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी | ₹ 100/– (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2. | सामान्य और ओबीसी | ₹ 600/– (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

**9. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण:**

बैंक द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार निम्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है, वे उम्मीदवार जो उपर्युक्त श्रेणियों से संबंधित हैं और अपने खर्च पर इस प्रशिक्षण के इच्छुक हैं, वे ऑन–लाइन आवेदन करते समय संबंधित कालम में सूचित करें. प्रशिक्षण केन्द्रों की निर्देशात्मक सूची नीचे प्रस्तुत की गई है :

अगरतला, आगरा, अहमदाबाद, आइजवाल, अकोला, इलाहाबाद, आसनसोल, औरंगाबाद, बरेली, भुवनेश्वर, बरहमपुर (गंजम), भोपाल, बेंगलूरु, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयम्बतुर, देहरादून, डिब्रुगढ़, एर्णाकुलम, गंगटोक, गोरखपुर, गुलबर्गा, गुवाहाटी, हुबली, हैदराबाद, इम्फाल, इंदौर, इटानगर, जबलपुर, जयपुर, कानपुर, कोहिमा, कोलकाता, लखनऊ, मदुराई, मेरठ, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नई दिल्ली, पणजी (गोवा), पटना, पोर्ट ब्लेयर, पुर्णिया, पुणे, रायपुर, रांची, संबलपुर, सिलचर, सिलीगुडी, शिलांग, श्रीनगर, तिरुपति, वडोदरा, वाराणसी, विशाखापट्नम, विजयवाडा

बैंक प्रशिक्षण हेतु दर्शाए गए केन्द्रों में कुछ केन्द्र जोड़ सकता है या उनमें से कुछ को हटा भी सकता है. जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प मांगा है, वे प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर को पंजीयन नंबर और पास वर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके बैंक की वेबसाइट से दिनांक 13.06.2016 से डाउनलोड करें. कॉल लेटर की हार्ड प्रति डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.

(अगले पृष्ठ पर जारी रखते हुए)

(पिछले पृष्ठ से आगे लाया गया)

**10. अवसरों की संख्या:**

| श्रेणी | अवसरों की संख्या |
|---|---|
| सामान्य | 4 |
| सामान्य (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अपिव | 7 |
| अपिव (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अजा/अजजा (पीडब्ल्यूडी)/अजा/अजजा (पीडब्ल्यूडी) | कोई प्रतिबंध नहीं |

जो उम्मीदवार अनुमत अवसरों की अधिकतम संख्या तक परीक्षा में बैठ चुके हैं, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है. अवसरों की संख्या दि. 18.04.2010 को हुई परीक्षा से गिनी जाएगी. प्रारंभिक परीक्षा में हाजिर होना कोई अवसर नहीं माना जाएगा.

**11 . आवेदन कैसे करें :**

उम्मीदवार 04–05–2016 से 24–05–2016 तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. किसी भी अन्य तरीके से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा.

**(क) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश :**

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com/careers या www.sbi.co.in/careers के माध्यम से अपना पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन करना होगा. पंजीकरण के बाद उम्मीदवार को आवश्यक आवेदन शुल्क ऑनलाइन तरीके से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से भरना होगा.

सहायता डेस्क: फार्म को भरने, फीस/सूचना प्रभार के भुगतान या प्रवेश/कॉल लेटर की प्राप्ति के बारे में यदि कोई समस्या हो तो, फोन नं **022-22820427** पर **(कामकाज के दिनों में सुबह 11:00 से शाम 6:00 के बीच)** या **sbirect@ibpsorg.org** पर पूछा जा सकता है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की अपने ईमेल के विषय में 'Recruitment of Probationary Officers in State Bank of India-2016' लिखना न भूलें.

ऑनलाइन आवेदन के लिए जरूरी बातेः उम्मीदवार के पास अपना वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए, जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. उसके जरिए कॉल लेटर/साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई–मेल से उनको मिलने में सहायता होगी.

**(ख) शुल्क (फीस) का भुगतान (केवल ऑनलाइन):**

i) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार पहले अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करें.

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com/careers या www.sbi.co.in/careers देखें और लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को खोलें.

iii) आवेदन–पत्र सावधानी से भरें. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. प्रथम कोशिश में यदि उम्मीदवार डाटा पूर्णतः नहीं भर सकते हैं. तो पहले ही प्रविष्ट डाटा को सेव कर सकते हैं. जब डाटा सेव हो जाता है तब अनन्तिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड प्रणाली द्वारा तैयार होगा और वह स्क्रीन पर दिखाई देगा. उम्मीदवार पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लें. पंजीकरण संख्या और पासवर्ड की मदद से वे सेव किया हुआ डाटा फिर से खोलें और यदि जरूरी हो, तो विवरण को एडिट करें. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. आवेदन–पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. इसके बाद कोई बदलाव/संशोधन की अनुमति नहीं हैं. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv) आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन–पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

v) भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु ले लें. आवेदन का प्रिंटआउट बैंक को न भेजें.

vii) यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपना आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

viii) ई–रसीद एवं फीस विवरण सहित आवेदन पत्र फिर से प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

**(ग) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा–निर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) प्रतिमा अनुलग्नक –II के अनुसार बनानी होगी. विशेष विवरण के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किए बगैर ऑनलाइन आवेदन का पंजीयन नहीं होगा.

टिप्पणी :

i). यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.

ii). यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन एडिट करें और फोटो और हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें.

**12. लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर्स:**

उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर और 'एक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें. कॉल लेटर/एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका डाक से नहीं भेजी जाएगी.

**13. पहचान–पत्र की पुष्टि परिक्षा के समय प्रस्तुत करनी होगी:**

उम्मीदवार एक पहचान–पत्र जैसे कि पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/मतदाता पत्र/विधिवत रूप से प्रमाणित फोटो वाला बैंक पासबुक / पहचान–पत्र महाविद्यालय या विश्वविद्यालय /राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी मूल लेटरहेड पर दिया है और स्वयंसाक्षांकित फोटो कॉपी प्रस्तुत करनी चाहिए. पहचान–पत्र की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी, ऐसा न करने पर उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमती नहीं दी जाएगी.

**14. बायोमेट्रिक सत्यापन:** बैंक विभिन्न स्तरो पर उम्मीदवारों के अंगूठे के निशान डिजिटल प्रारूप मे ले सकता है, ताकि उम्मीदवार की प्रामाणिकता सत्यापित हो सके। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न स्तरो पर सही अंगूठे के निशान संकलित हो, किसी भी प्रकार की असंगति पर उम्मीदवार की उम्मीद्वारिता को रद्द कर दिया जाएगा। किसी उम्मीदवार के नकली होने की बात सामने आने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ–साथ उसकी उम्मीद्वारिता को भी रद्द कर दिया जाएगा। अत: आवेदक अपने हाथ पर बाह्य पदार्थ जैसे मेहदी, स्याही, कोई रसायन इत्यादि न लगाए।

**15. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्यवाही:**

(क) उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

(ख) यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता हैः

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

अ) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.

ब) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

(स) बैंक उम्मीदवार के जबाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

(द) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

i) जहाँ परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करनेवाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ–साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ii) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

iii) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**16. सामान्य सूचना :**

i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने पर प्रणाली द्वारा निर्मित अपने ऑन लाइन आवेदन–पत्र का प्रिंट आउट ले लें.

ii) उम्मीदवार ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उस पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में संतुष्टि करें. ऐसे सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी और आवश्यक फीस का भुगतान करने पर परीक्षा में शामिल होने की बैंक अनुमति देगा और केवल साक्षात्कार के समय ही उनकी पात्रता को निर्धारित करेगा.

iii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑन लाइन आवेदन करें और फीस का भुगतान करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/असहायता/वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.

iv) ऊपर निर्दिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थता होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.

v) उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जो अन्य आवेदनपत्रों के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा में और साक्षात्कार के लिए अनेक बार उपस्थिति /प्रकटन मान्य नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारिता को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा.

vi) परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

vii) जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सूचना दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से 'आपत्ति नहीं प्रमाणपत्र' लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारिता रद्द की जा सकती है और यात्रा किराया, यदि कोई हो, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

viii) चयन के मामले में नियुक्ति स्वीकार करने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य–मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

ix) अ.जा/अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

x) अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वचनपत्र देना होगा कि वह दिनांक 24.05.2016 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. दि.01.04.2016 से साक्षात्कार की अवधि के दौरान जारी 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें वह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

xi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी ई–मेल आईडी कॉल लेटर/साक्षात्कार निर्देश आदि पाने के लिए सक्रिय रखें.

xii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन रहेगी.

xiii) इस विज्ञापन तथा / अथवा इसके प्रतिसाद में प्राप्त किसी आवेदन से उत्पन्न मामले का दावा या विवाद से संबंधित कोई कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही प्रारंभ किया जा सकती है और मुंबई स्थित न्यायालय/प्राधिकरण/मंच को ही किसी भी मामले/विवाद पर मुकदमा चलाने का एकमात्र तथा अनन्य अधिकार है.

**17. घोषणा:**

इस प्रक्रिया से जुड़ी सभी भावी घोषणाएँ / सूचनाएँ समय–समय पर केवल एसबीआई की अधिकृत वेबसाइट www.sbi.co.in पर ही पर प्रकाशित/उपलब्ध कराई जाएँगी.

**18. दावा–परित्याग:**

भरती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर इस बात का पता चलने पर कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर रहा है और / या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी महत्त्वपूर्ण बात को छिपाया दिया है, तो उसकी उम्मीदवारिता को रद्द कर दिया जाएगा. यदि इनमें से कोई बात नियुक्ति के बाद उजागर हो, तब भी उस उम्मीदवार की नौकरी रद्द की जा सकती है. पात्रता, लिखित परीक्षा, अन्य परीक्षाओं का आयोजन और चयन आदि मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और वह सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस बारे में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

**मुंबई** — **महाप्रबंधक**

**दिनांक : 04.05.2016** — **सीआरपीडी, एसबीआई**

Size: 25x38cm

## परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)

अनुलग्नक–I

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | प्रारंभिक परीक्षा केंद्र | मुख्य परीक्षा केंद्र |
|---|---|---|---|
| 11 | अण्डमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | पोर्ट ब्लेयर |
| 12 | आंध्र प्रदेश | चिराला, चित्तूर, गुंटूर, हैदराबाद, काकीनाडा, कुर्नुल, नेल्लोर, ओंगोले, पुतुर, राजमुंद्री, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाडा, विशाखापट्नम, विजियानगरम् | गुंटूर, कुर्नुल, विजयवाडा, विशाखापट्नम, |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | इटानगर, नाहरियागुन | इटानगर |
| 14 | असम | डिबरूगढ़, गुवाहाटी, जोराहट, कोकराझार, सिलचर, तेजपुर | गुवाहाटी |
| 15 | बिहार | आरा, औरंगाबाद, बिहारशरीफ, भागलपुर, दरभंगा, गया, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर, पटना, पुर्णिया, समस्तीपुर, सिवान | आरा, हाजीपुर, पटना, |
| 16 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 17 | छत्तीसगढ़ | भिलाई, बिलासपुर, रायपुर | रायपुर |
| 18 | गोवा | पणजी, वेरना | पणजी |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद, आणंद, गांधीनगर, हिम्मतनगर, जामनगर, मेहसाणा, राजकोट, सुरत, वडोदरा | अहमदाबाद, गांधीनगर |
| 20 | हरियाणा | अंबाला, बहादुरगढ़, हिस्सार, करनाल, कुरुक्षेत्र, पलवल, पानीपत, रोहतक, सोनिपत, यमुनानगर | बहादुरगढ़, हिस्सार, रोहतक, |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | बड्डी, बिलासपुर, धरमशाला, हमीरपुर, कांगड़ा, कुलू, मंडी, सिरमौर, शिमला, सोलन, ऊना | शिमला, सोलन |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, काथ, सांबा, श्रीनगर | जम्मू, श्रीनगर |
| 23 | झारखंड | बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची | जमशेदपूर, रांची |
| 24 | कर्नाटक | बेलगाम, बेंगलूरु, बिदर, गुलबर्गा, हुबली, मंगलोर, मैसूर, शिमोगा, उडिपी | बेंगलूरु |
| 25 | केरल | अलप्पुझा, कन्नूर, कोचि, कोल्लाम, कोट्टायम, कोझिकोडे, मलप्पुरम, पालक्कड, त्रिचुर, तिरुवनंतपुरम | कोचि, तिरुवनंतपुरम |
| 26 | लक्षद्वीप | कवराती | कवराती |
| 27 | मध्य प्रदेश | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सतना, सागर, उज्जैन | भोपाल, इंदौर |
| 28 | महाराष्ट्र | अमरावती, औरंगाबाद, चंद्रपुर, धुळे, जळगांव, कोल्हापुर, लातुर, मुंबई/ठाणे /नवी मुंबई, नागपुर, नांदेड, नासिक, पुणे, रत्नागिरी, सांगली, सातारा | औरंगाबाद, नागपुर, पुणे, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई |
| 29 | मणिपुर | इम्फाल | इम्फाल |
| 30 | मेघालय | री–भोई, शिलांग | शिलांग |
| 31 | मिज़ोरम | आइजवाल | आइजवाल |
| 32 | नागालेंड | कोहिमा | कोहिमा |
| 33 | दिल्ली – एनसीआर | दिल्ली, फरिदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुडगांव | दिल्ली, फरिदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुडगांव |
| 34 | ओडिसा | अंगुल, बालासोर, बारगढ़, बारीपदा, बरहमपुर (गंजम), भुवनेश्वर, कटक, धेनकनाल, झारसुगडा, राऊरकेला, संबलपुर | भुवनेश्वर, |
| 35 | पुडुचेरी | पुडुचेरी | पुडुचेरी |
| 36 | पंजाब | अमृतसर, भटिण्डा, फतेगढ़साहिब, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पठाणकोट, पटियाला, फगवारा, संगरुर | भटिण्डा, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला |
| 37 | राजस्थान | अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर | जयपुर, |
| 38 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक |
| 39 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयम्बतूर, डिंडिगुल, कृष्णगिरी, मदुराई, नागरकोईल, नमक्कल, पेराम्बुलुर, सालेम, तंजावुर, तिरुचिरापल्ली, थुथूकोडी, तिरुनेलवेल्ली, वेल्लोर | चेन्नई, मदुराई, तिरुनेलवेल्ली, |
| 40 | तेलंगाना | हैदराबाद, करीमनगर, खम्माम, वारंगल | हैदराबाद, |
| 41 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला |
| 42 | उत्तर प्रदेश | आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, बरेली, बुलंदशहर, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुझफ्फरनगर, उन्नाव, वाराणसी | आगरा, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी |
| 43 | उत्तराखंड | देहरादून, हल्दवानी, हरिद्वार, रुड़की | देहरादून |
| 44 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल, बरहमपुर (पश्चिम बंगाल), बर्धमान, दमकल, दुर्गापुर, हुगली, हावड़ा, कल्याणी, कोलकाता, सिलीगुडी | हुगली, कल्याणी, कोलकाता, |

अनुलग्नक–II

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले फोटोग्राफ (4.5से.मी. X 3.5 से.मी.) तथा हस्ताक्षर के स्कैनिंग और उनको अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश उम्मीदवार के पास निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज होना आवश्यक होगा.

**फोटोग्राफ इमेज :**

- फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का रंगीन और नवीनतम होना चाहिए और वह उम्मीदवार की सही तस्वीर होनी चाहिए. फोटो में किसी प्रकार की एडिटिंग का प्रयास किया हुआ पाए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीद्वारिता तुरंत रद्द कर दी जाएगी.
- यह सुनिश्चित करें कि चित्र रंगीन हो और हल्के रंग की, या प्राथमिकता से सफ़ेद रंग की पृष्ठभूमि पर लिया गया हो.
- स्वस्थ चित्त होकर कॅमेरा की ओर सीधे देखें.
- यदि प्रतिमा सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हो जिससे आपकी प्रतिमा साफ आएं.
- अगर आप को पलैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
- अगर आप ऐनक का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखें साफ नजर आने के लिए ऐनक पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चष्मा स्वीकार नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा नहीं ढकना चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सैल (अधिमानित)
- फाइल साइज 20केबी–50केबी के दरम्यान हो.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन प्रतिमा की साइज 50 केबी से अधिक न हो. उसके बाद स्कैनर का सेटिंग समायोजित इस तरह करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.

**हस्ताक्षर इमेज :**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार का हो, और अन्य किसी व्यक्ति के किए हुए हस्ताक्षर से न मिले.
- हस्ताक्षर का उपयोग कॉल लेटर पर या जहाँ ज़रूरी हो, किया जाएगा.
- परीक्षा के समय यदि उत्तर पुस्तिका (स्क्रिप्ट) पर किए हुए उम्मीदवार के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से नहीं मिलते हों, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (अधिमानित)
- फाइल की साइज 10 केबी–20 केबी हो
- सुनिश्चित करें कि स्कैन्ड प्रतिमा साइज 20 केबी से अधिक न हो.
- **कैपिटल अक्षरों में किया गया हस्ताक्षर स्वीकृत नहीं होगा.**

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग**

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- असली कलर सेटिंग करें.
- फाइल साइज (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर प्रतिमा स्कैनर पर रखें, तत्पश्चात अपलोड एडिटर की मदद से प्रतिमा को अंतिम साइज में लाएं (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- इमेज की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फारमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम image01.jpg or image01.jpeg प्रतिमा के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.
- एमएस विन्डोज/एमएस ऑफिस इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में जो क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो, एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर की मदद से आसानी से कर सकते हैं. किसी भी फारमैट में उपलब्ध स्कैन्ड फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में सेव अ‍ॅज विकल्प चुनकर फाइल मेनू में सेव किया जा सकता है और फोटो का साइज 50 केबी से कम और हस्ताक्षर का साइज 20 केबी से कम साइज में लाया जा सकता है. इसके लिए क्रॉप का और रिसाइज विकल्प 'इमेज मेन्यू' में करें (पिक्सैल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त बिंदु 1.और 2. देखें) इसी तरह का विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.
- यदि फाइल साइज एवं फारमैट निर्धारित मानदंड के अनुसार नहीं है, तो एरर (त्रुटि) संदेश नजर आएगा.
- ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उम्मीदवार को उसका/उसकी फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए लिंक का उपलब्ध कराया जाएगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए कार्य प्रणाली:**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक होंगे.
- संबंधित लिंक पर 'अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर' क्लिक करें.
- स्कैन्ड फोटो/हस्ताक्षर फाइल जहाँ पर 'सेव' की गई हो, वह स्थान ढूँढ़कर सिलेक्ट करें.
- क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
- 'अपलोड' बटन पर क्लिक करें

**आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक दर्ज नहीं कराया जाएगा, जब तक आप फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को निर्दिष्ट तरीके से अपलोड नहीं करते हैं.**

**नोट:**

(1) यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर साफ नहीं दिख रहा हो, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकृत हो सकता है. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ / हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद उम्मीदवार को एक बार देख लेना चाहिए कि चित्र स्पष्ट हैं और ठीक तरीके से अपलोड किए गए हैं. फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई न देता हो, तो फॉर्म को जमा करने से पहले, उम्मीदवार अपने आवेदन में संशोधन कर सकता है तथा अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकता है.

(2) ऑनलाइन पंजीकरण कराने के बाद उम्मीदवार को उनके सिस्टम द्वारा जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंटआउट पास रखने की सलाह दी जाती है.

Size: 25x38cm